प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 18.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 12 सीटों पर कल मतदान होगा। इसके लिए निर्वाचन विभाग और प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहले चरण के तहत श्रीगंगानगर, बीकानेर, चुरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, दौसा और नागौर सीटों पर मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्र और सुगम मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सुरक्षा की दृष्टि से अंतरराज्यीय सीमाएं सील कर दी गयी हैं। पहले चरण में 12 महिलाओं सहित कुल 114 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 54 लाख से अधिक है। इनमें एक करोड़ 33 लाख पुरूष, 1 करोड़ 20 लाख से अधिक महिलाएं तथा 304 ट्रांसजेंडर हैं। पहले चरण के मतदान के लिए 23 हजार 651 मतदान केन्द्र तथा 719 सहायक मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इस चरण में सबसे ज्यादा 22 लाख 88 हजार मतदाता जयपुर लोकसभा क्षेत्र में, जबकि सबसे कम 19 लाख 3 हजार मतदाता दौसा लोकसभा क्षेत्र में हैं। वहीं दूसरे चरण में 13 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिये विभिन्न राजनेतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशी के समर्थन में मतदान की अपील कर रहे है। इस कडी में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज सियाणा, भाद्राजून, बालेसर और जोधपुर में अलग–अलग जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा सहित अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं का भी कई स्थानों पर प्रचार का कार्यक्रम है।

....

राज्य में कल होने वाले मतदान के लिये विभिन्न जिलों से मतदान दल रवाना हो रहे है। हनुमानगढ, दौसा, अलवर और करौली से सभी मतदान दल की रवानगी हो रही है। इन दलों को निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अंतिम प्रशिक्षण दिया गया।

....

आकाशवाणी जयपुर पर आज राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल श्रोताओं से रूबरू हुए। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान तथा मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े श्रोताओं के सवालों के जवाब एक सजीव कार्यक्रम के माध्यम से दिये। सुबह प्रसारित हुए कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से श्रोताओं ने अपनी जिज्ञासा का समाधान पाया। इस दौरान अपने संदेश में श्री बंसल ने कहा कि सभी मतदाता निर्भय होकर अपने मत का उपयोग अवश्य करें और किसी भी तरह की समस्या आने पर अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारी से संपर्क करें।

....

आज विश्व विरासत दिवस है। यह दिन विश्व में मानव सभ्यता से जुडे एतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश में प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विश्व का अद्भुत एवं अलौकिक विरासत वाला प्रदेश है। श्री शर्मा ने विश्व की सबसे प्राचीन और अद्भुत विरासतों का संरक्षण और संवर्धन करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस मौके पर आज राजधानी जयपुर के संग्रहालयों और स्मारकों में पर्यटकों के लिए प्रवेश निशुल्क रखा गया है। साथ ही पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर स्वागत किया जा रहा है। पुरातत्व विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धीरेन्द्र ने बताया कि शहर के जंतर–मंतर, अल्बर्ट हॉल, हवा महल, आमेर महल और नाहरगढ़ जैसे पर्यटन स्थलों पर लोक कलाकार राजस्थानी लोकरंग की प्रस्तुति भी देंगे। इस मौके पर प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। भरतपुर के राजकीय संग्रहालय को फूलों से सजाया गया है। यहां आने वाले पर्यटकों का रोली चावल से टीका लगाकर शहनाईवादन के साथ स्वागत किया जा रहा है। जैसलमेर में ग्रामीण हाट बाजार स्थित दी थार हेरिटेज म्यूजियम पर पर्यटक निशुल्क भ्रमण कर रहे है। इस दौरान परिचर्चा भी आयोजित की जायेगी। साथ ही संग्रहित लोक विरासत और संस्कृति की व्याख्या की जाएगी। बारां में भारतीय सांस्कृतिक निधि की ओर से राजकीय संग्रहालय में सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मांडना प्रतियोगिता भी होगी।